राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

सर्द रात में रेतीले धोरों के बीच सजी सुरमई सांझ,
राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने लिया आनंद,
लोक कलाकारों की पीठ थपथपाई,
पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जयपुर, 29 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार की शाम रेतीले धोरों पर बिताई और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। राज्यपाल ने जैसलमेर जिले के सम के समीप लखमनों की ढ़ाणी में जीप सफारी व कैमल सफारी आदि को देखा तथा रेतीले धोरों पर चढ़कर विहंगम दृश्य का अवलोकन किया।

इसके बाद राज्यपाल ने धोरों के बीच ही सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ लिया ।
इस दौरान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के लोक कलाकारों ने विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।
इन कार्यक्रमों कि राज्यपाल ने सराहना की और सभी सांस्कृतिक दलों को अपनी ओर से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।
राज्यपाल ने कलाकारों की पीठ थपथपाई और उनके साथ फोटो सेशन भी किया ।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल